# दीपावली के पर्व पर महानिदेशक की शुभकामनाएँ



मैं बड़े हर्ष एवं उल्लास के साथ प्रकाश के पर्व दीपावली के पावन अवसर पर सीआईएसएफ के सभी सदस्यों और उनके परिवारजनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

दीपावली बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है और इसे पूरे देश में हर्षोल्लास, भक्ति और एक उज्जवल कल की आशा के साथ मनाया जाता है। प्रकाश का यह पर्व नई शुरुआत का भी प्रतीक है और हमें अपने कार्य क्षेत्र को नए संकल्प के साथ प्रकाशित करने के लिए प्रेरित करता है। राष्ट्र के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के रक्षक के रूप में हमें अपनी सुरक्षा सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार करते हुए सीआईएसएफ को नई ऊँचाईयों पर पहुँचाने का प्रयास करना चाहिए।

दीपावली का पर्व हमारे जीवन में नई ऊर्जा का संचार करता है और हमें ईमानदारी और समर्पण के साथ सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे अधिकारी और बल सदस्य इन मूल्यों के प्रति निष्ठा रखेंगे एवं एक मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान देंगे।

मैं यह कामना करता हूँ की बल के हर सदस्य का जीवन, दीपावली के दिए की तरह जगमगाता रहे।

शुभेच्छा सहित,

जय हिंद।

प्रवीर रंजन

**( प्रवीर रंजन )**
**महानिदेशक**